# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

21.08.2024 समय : 1850

- पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस देशभर में तेईस अगस्त को मनाया जाएगा।
- पोर्ट ब्लेयर के जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में कल कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- मूल्यवर्धित कर अधिकारी मुख्यालय की ओर से इस महीने की सत्ताईस तारीख को प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
- दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल के चौदह और सोलह वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के लिए चार दिवसीय अंतर स्कूल शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।
- जलयान सिंधु के स्थान पर अब एम वी कैम्पबेल बे सत्ताईस अगस्त को पोर्ट ब्लेयर से ननकौड़ी होकर कैम्पबेल बे की यात्रा पर जाएगा।

<><><><><><><>

पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस देशभर में तेईस अगस्त को मनाया जाएगा। इस वर्ष के उत्सव का विषय चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना : भारत की अंतरिक्ष गाथा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी। अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वर्ष इसी दिन चंद्रयान–तीन मिशन के दौरान चंद्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग हुई थी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही भारत, चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के पास उतरने वाला पहला देश बन गया था।

इस बीच, अंतरिक्ष दिवस मनाए जाने के सिलसिले में आज आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में कल कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नशीले पदार्थ, एन डी पी एस अधिनियम, पॉक्सो जैसे विषयों पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राज्य विधि सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव भवानी शंकर शर्मा ने महिलाओं के विरूद्ध अपराध, पॉक्सो अधिनियम के तहत बच्चों का शोषण और द्वीपों में मादक पदार्थों से संबंधित बढ़ते मामलों पर जानकारी देते हुए इस पर जागरूकता उत्पन्न करने की आवश्यकता पर बल दिया। पॉक्सो और एनडीपीएस अधिनियम के विशेष न्यायाधीश नियाज़ आलम ने कहा कि सिर्फ न्याय ही नहीं दिलाया जाता है, बल्कि इसे असरदार तरीके से लागू किया जाता है, ताकि हमारे कानूनी प्रणाली की अखंडता बरकरार रहे। फैमिली कोर्ट के न्यायाधीश दीप्तेन्द्र नाथ मित्रा ने एन डी पी एस अधिनियम और कानून में सजा के प्रावधान की जानकारी दी। शिक्षा सचिव एल. कुमार ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आयोजकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों के दौरान अंडमान निकोबार प्रशासन ने पुलिस और समाज कल्याण विभाग के माध्यम से कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने में तेजी लाया है। उन्होंने कहा कि युवआों को बुरी आदतों से दूर रखने में शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। नारकोटिक्स के पुलिस अधीक्षक राजीव रंजन ने द्वीपों से नशाखोरी को समाप्त करने के लिए पुलिस की प्रतिबद्धता दोहराई, जबकि दक्षिण अंडमान पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट ने महिलाओं के अधिकार और उनकी सुरक्षा की जानकारी देते हुए तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एच के शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बाद में प्रतिभागियों के साथ आदान–प्रदान सत्र का आयोजन हुआ और उनकी चिंताओं तथा शंकाओं को समाधान किया गया।

<><><><><><>

मूल्यवर्धित कर अधिकारी मुख्यालय की ओर से इस महीने की सत्ताईस तारीख को प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मूल्यवर्धित कर आंकलन पर यह कार्यक्रम टैगोर कॉलेज के सभागार में दिन में साढ़े दस बजे आरंभ होगा। कार्यक्रम में द्वीपों में वैट अधिनियम दो हजार सत्रह और नियम दो हजार बीस के अलावा तिमाही वैट रिटर्न को भरने, रिकॉर्ड रखने और उसका दस्तावेजीकरण जैसे अन्य पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। ये प्रशिक्षण गूगल मीट के जरिए ऑनलाइन भी उपलब्ध रहेगी, ताकि बाहरी द्वीपों के हितधारक भी इसमें भाग ले सके।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल के चौदह और सोलह वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के लिए चार दिवसीय अंतर स्कूल शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर आज गवर्मेंट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल जंगलीघाट में उप–शिक्षा निदेशक ज्ञानशील दुबे मुख्य अतिथि, जबकि स्कूल की उप–प्रधानाध्यपिका अज़ीज़ फातिमा सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थी। मुख्य अतिथि ने शतरंज के जरिए विद्यार्थियों की स्मरणशक्ति और एकाग्रता को बढ़ाने में मदद मिलने पर जानकारी दी। आज खेले गए चौदह वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़कों की प्रतियोगिता में सागरीतारा स्कूल के रॉनी रोनल्डो वाई को पहला, जबकि विवेकानन्द केन्द्र विद्यालय के विराट जे एस को दूसरा स्थान हासिल हुआ। चौदह वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़कियों का मैच कल खेला जाएगा।

<><><><><><>

भारतीय स्टेट बैंक की ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पोर्ट ब्लेयर निशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रबंधन पाठ्यक्रम आयोजित करेगा। बेरोजगार महिलाओं के लिए आयोजित होने वाले इस पाठ्यक्रम में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों तथा गरीबी रेखा से नीचे के उम्मीदवारों को अधिक प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवारों से बैंक कार्यालय से संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><>

आदर्श करियर केन्द्र की ओर से चौबीस अगस्त को रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। विम्बर्लीगंज के सामुदायिक भवन में सुबह दस बजे आयोजित होने वाले इस मेले का उद्देश्य निजी उद्यमियों, स्वरोजगार कियान्वयन विभाग और नौकरी पाने के इच्छुक युवाओं को स्वरोजगार अपनाने और निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए एक मंच उपलब्ध कराना है। यह कार्यक्रम विम्बर्लीगंज, बम्बूफ्लाट, स्टुवर्टगंज और कन्यापुरम ग्राम पंचायत के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक सभी उम्मीदवारों से दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है। अधिक जानकारी के लिए रोज़गार कार्यालय स्थित आदर्श करियर केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

पूर्व सांसद कुलदीय राय शर्मा ने भारतीय स्टेट बैंक की पूर्व उप–प्रबंधक रेणु लाल के निधन पर शोक प्रकट किया है। शव यात्रा कल दिन में ग्यारह बजे लम्बा लाईन के सिटीजन कॉलोनी स्थित इनके निवास स्थान से आरंभ होगी। भारतीय जनता पार्टी के राज्य अध्यक्ष अजय बैरागी और पार्टी के अन्य नेताओं ने भी इनके निधन पर शोक प्रकट किया है।

उधर, भारतीय जनता पार्टी के राज्य अध्यक्ष अजय बैरागी और पार्टी के अन्य नेताओं ने प्रेमनगर निवासी जी सी जैन के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया।

इस बीच, टैगोर कॉलेज के प्राचार्य और अन्य सभी प्रशिक्षणार्थियों तथा कर्मचारियों ने कॉलेज के अवकाश प्राप्त कारपेन्टर के. यूसूफ के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की है।

<><><><><><>

तकनीकी कारणों से जलयान सिंधु की सत्ताईस अगस्त को पोर्ट ब्लेयर से ननकौड़ी होकर कैम्पबेल बे यात्रा और उनतीस अगस्त को जलयान की कैम्पबेल बे से वापसी यात्रा को रद्द कर दिया गया है। इसके स्थान पर एम वी कैम्पबेल बे सत्ताईस अगस्त को सुबह नौ बजे हैडो जेट्टी से ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे जाएगा और उनतीस अगस्त को सुबह आठ बजे इसी मार्ग से इसकी वापसी होगी। सिंधु से जाने वाले इन क्षेत्रों के यात्रियों से अपने टिकट रद्द करवाकर एम वी कैम्पबेल बे के लिए नई टिकट खरीदने को कहा गया है। टिकटों का वितरण कल किया जाएगा। ऑनलाइन टिकट भी खरीदे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

नशाखोरी और इसके कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कालीघाट पुलिस थाना की टीम ने विपिन बैरागी नामक तालबागान के एक निवासी के पास से दो सौ ग्राम गांजा जब्त किया है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी अशोक कुमार बघेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इसे गिरफ्तार किया।

<><><><><><><>